

Mukesh Madhwani
9829243207
Founder: Business Circle India

दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

न रिश्वत लें, न रिश्वत देंगे
Reg. No. MH180326353

BUSINESS CIRCLE INDIA

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

वर्ष: 11 ● डिजिटल अंक : 189 ● मुंबई, शनिवार 08 मार्च-2025 ● प्रधान सम्पादकः पवन जैन पदमावत ● पृष्ठ : 04 ● मूल्य : 000 ● निःशुल्क ●


## उदयपुर में पर्यटन सूचना पट्टों की बदहाली, जिम्मेदार कब जागेंगे ?






● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** झीलों की नगरी उदयपुर, जो देश-विदेश से लाखों पर्यटकों को आकर्षित करती है, वहां के नगर निगम की लापरवाही से पर्यटन व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। फतेहसागर और पिछोला झील क्षेत्र सहित गणगौर घाट पर नगर निगम द्वारा स्थापित किए गए पर्यटन सूचना पट्ट एवं साइन बोर्ड, जो ऐतिहासिक स्मारकों और महत्वपूर्ण स्थानों की जानकारी प्रदान करते थे, अब जर्जर हालत में हैं। कई महीनों से इन पट्टों की जानकारी लगभग धुंधली हो चुकी है और बची-खुची जानकारियां भी अब पढ़ने योग्य नहीं हैं। सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि जब नगर निगम इन सूचना पट्टों का रखरखाव नहीं कर सकता, तो इन्हें लगाने का औचित्य ही क्या है? यही स्थिति अधिकांश पर्यटक स्थलों पर लगे साइनबोर्ड, प्लेकार्ड और होर्डिंग्स की है, जिनकी देखरेख की कोई व्यवस्था नहीं है। होटल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष और एंटी करप्शन एंड क्राइम कंट्रोल कमेटी के बौद्धिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पर्यटन विशेषज्ञ यशवर्धन राणावत ने इस पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि उदयपुर को पर्यटन की चुनौतियों के लिए तैयार रहना होगा। इस प्रकार की लापरवाह मानसिकता हमें आगे नहीं ले जा सकती। पर्यटन स्थलों पर नियमित मॉनिटरिंग आवश्यक है, ताकि पर्यटकों को सही और स्पष्ट जानकारी उपलब्ध हो। यदि साइनबोर्ड और सूचना पट्ट धुंधले हो चुके हैं, तो इन्हें तुरंत नए सिरे से दुरुस्त किया जाना चाहिए, अन्यथा यह शहर की छवि को नुकसान पहुंचाएगा। एंटी करप्शन एंड क्राइम कंट्रोल कमेटी के मीडिया सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन जैन पदमावत ने भी इस स्थिति पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि यदि जिम्मेदार अधिकारियों का रवैया ऐसा ही रहा, तो यह विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल अपनी चमक खो देगा। नगर निगम को चाहिए कि वह तुरंत इन समस्याओं का संज्ञान ले और आवश्यक कदम उठाए। उदयपुर गाइड यूनियन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह कांकरवा ने इस पर असंतोष जताते हुए कहा कि जब विदेशी और घरेलू पर्यटक गाइड्स से इस बदहाल स्थिति के बारे में सवाल करते हैं, तो यह बेहद शर्मनाक लगता है। वहीं, महाराणा प्रताप गाइड एसोसिएशन के ओमप्रकाश राठौड़ ने कहा कि जब सूचना पट्ट ही धुंधले हो चुके हों और उस पर लिखी जानकारी पढ़ने योग्य न हो, तो पर्यटक इनसे क्या सीख पाएंगे? अब देखना यह होगा कि क्या नगर निगम उदयपुर इस गंभीर स्थिति से सबक लेकर शीघ्र ही इन सभी सूचना पट्टों, साइनबोर्ड और प्लेकार्ड्स की मरम्मत व पुनर्स्थापना करेगा या फिर यह मुद्दा भी अन्य प्रशासनिक लापरवाहियों की तरह धुंधला होकर रह जाएगा।

## खबर संक्षेप

### स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल विद्यालय सराडा में प्रवेश प्रक्रिया 8 मार्च से प्रारंभ

● पदमावत मीडिया

**सलूंबर।** स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल विद्यालय सराडा जिला सलूम्बर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु प्रवेश प्रक्रिया दिनांक 08 मार्च 2025 से प्रारंभ हो रही है। कक्षा 01 से 09 के नवीन प्रवेश हेतु आवेदन पत्र 08 मार्च 2025 से प्राप्त किये जा सकेंगे जिन्हे दिनांक 17 मार्च 2025 तक स्थानीय विद्यालय में जमा करवाया जा सकेगा। कक्षा 01 से 08 तक के चयनित विद्यार्थियों की सूची 20 मार्च 2025 को विद्यालय के सूचना बोर्ड पर चस्पा कर दी जावेगी वही कक्षा 09 में प्रवेश बाबत् 19 मार्च 2025 को स्थानीय विद्यालय स्तर पर प्रवेश परीक्षा का आयोजन कर 24 मार्च 2025 को परिणाम विद्यालय के सूचना बोर्ड पर चस्पा कर दिया जावेगा। कक्षा 10 एवं 12 में सीबीएसई के नियमानुसार प्रवेश दिया जावेगा व कक्षा 11 में प्रवेश प्रक्रिया बाबत् निर्देश पृथक से जारी किये जायेंगे।

### साहित्यकार राजपुरोहित ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की दी शुभकामनाएं



● पदमावत मीडिया

**अजमेर ।** साहित्यकार मीनाक्षी राजपुरोहित ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सभी महिलाओं को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। साहित्यकार मीनाक्षी ने कहा है कि महिलाओं ने अपनी क्षमता और प्रतिभा के बल पर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनायी है। यह दिन महिलाओं को साहस और आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। साहित्यकार मीनाक्षी ने कहा कि राजस्थान की महिलाएं काबिल और मेहनती हैं। साहित्यकार मीनाक्षी ने कहा है कि एक नारी ही हैं जो नारी का समर्थन कर सकती हैं आपसी मतभेद मीटाकर एक दूसरे को सपोर्ट करें। उन्होंने कहा राजस्थान की बहन-बेटियों में आगे बढ़ने की पूरी क्षमता है। उन्होंने आव्हान किया है कि बेटों के समान बेटियों को भी आगे पढ़ने-बढ़ने के सभी अवसर उपलब्ध कराएं, तभी हम एक मजबूत और विकसित समाज की कल्पना को साकार कर पाएंगे।


### खराड़ी बने नयागांव ब्लॉक के कार्यवाहक सीबीईओ, शिक्षकों को होली पर वेतन मिलने की जगी आस



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** जिले के नयागांव ब्लॉक में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी का पद रिक्त होने से कई कार्मिकों को माह जनवरी से वेतन का भुगतान नहीं हो पाया था। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बलीचा के प्रधानाचार्य मोहन लाल खराड़ी ने नयागांव के कार्यवाहक सीबीईओ के पद पर कार्यग्रहण किया।जिससे ब्लॉक के पी डी मद के कार्मिकों में होली के अवसर पर वेतन मिलने की आस जगी है।साथ ही ब्लॉक के प्रशासनिक कार्यों का संचालन भी सुचारु रूप से संचालित हो सकेगा । गौरतलब हैं कि कार्यवाहक सीबीईओ मन्नालाल मेघवाल के सेवानिवृत्त होने के बाद से ही यह पद रिक्त चल रहा था। वाकपीठ कार्यकारिणी ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश कुमार मेघवाल और अन्य सदस्यों ने मेवाड़ी पगड़ी और तिलक माला से नवनियुक्त सीबीईओ का स्वागत किया। साथ ब्लॉक के शिक्षकों की समस्याओं से अवगत करवाया। इस अवसर ब्लॉक कार्यालय के (आर पी) हेमंत कुमार जैन, जगदीश डामोर, राजेंद्र गरासिया, रणजीत कुमार नायक, भूरालाल पाण्डोर समेत अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शुभकामनाएं



● पदमावत मीडिया

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) के अवसर पर प्रदेश की सभी महिलाओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। शर्मा ने कहा कि यह दिन नारी शक्ति के सम्मान, समर्पण और उपलब्धियों का उत्सव है। महिलाएं समाज की आधारशिला हैं, जो अपनी प्रतिभा, कौशल एवं जज्बे के दम पर जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छू रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के सशक्तीकरण, उन्हें समान अवसर देने और उनके अधिकारों की रक्षा करने के लिए कृतसंकल्पित है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय महिला सम्मान समारोह

### नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक और कदम

● पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार 8 मार्च को राजस्थान सरकार द्वारा राज्य स्तरीय महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में तथा उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की गरीमामयी उपस्थिति में यह भव्य कार्यक्रम बिड़ला ऑडिटोरियम, जयपुर में संपन्न होगा, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण के उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं, पुरुषों एवं एनजीओ को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 9ः30 बजे होगी, जिसमें मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत एवं महिला एवं बाल विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियों का अवलोकन किया जाएगा। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपोषण न्यूट्री किट योजना की गाइडलाइन, अमृत आहार योजना के तहत 5 दिवसीय दूध वितरण की स्वीकृति, तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित आश्रय संस्थानों में लैंगिक समानता बढ़ाने हेतु स्वीकृतियां जारी की जाएंगी। इसके अतिरिक्त, ग्रामीण विकास विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, कृषि एवं उद्यानिकी विभाग तथा राजस्व विभाग द्वारा नारी सशक्तिकरण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री द्वारा उद्बोधन, निदेशालय महिला अधिकारिता पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान योजनांतर्गत पुरस्कार वितरण, एवं अंत में मुख्यमंत्री का प्रेरणादायक संबोधन होगा। इस अवसर पर मंजू बाघमार , राज्य मंत्री, डब्ल्यूसीडी, मंजू शर्मा, सांसद, जयपुर शहर, सौम्या गुर्जर, मेयर, जयपुर ग्रेटर, कुसुम यादव, मेयर, जयपुर हैरिटेज, रमा देवी, जिला प्रमुख, जयपुर तथा कुलदीप रांका, एसीएस, डब्ल्यूसीडी उपस्थित रहेंगे। यह समारोह नारी सशक्तिकरण की दिशा में राजस्थान सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है और समाज में महिलाओं की भूमिका को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## उदयपुर की सड़क सुरक्षा बैठक और चर्चा में महत्वपूर्ण सुझाव, पर्यटन सुविधाओं के विकास पर भी जोर



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** जिला परिषद सभागार, कलेक्ट्रेट में गुरुवार को जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक और चर्चा जिला कलेक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें होटल एसोसिएशन उदयपुर के उपाध्यक्ष और एंटी करप्शन एंड क्राइम कंट्रोल कमेटी के बौद्धिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, पर्यटन विशेषज्ञ यशवर्धन राणावत द्वारा सुझाव प्रस्तुत किए गए। इस बैठक में जिला कलेक्टर नमित मेहता, एडीएम (प्रशासन) दीपेंद्र सिंह राठौड़, नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश, यूआईटी सचिव राहुल जैन, ट्राफिक उप अधीक्षक आशोक आँजना सहित उदयपुर के कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। यशवर्धन राणावत ने बैठक में बहुत से सुझाव दिए जिनमें प्रमुख थे; जगदीश चौक, गाड़िया देवरा से लेकर नया पुल क्षेत्र तक आम सड़क से स्थायी पार्किंग हटाना, बाइक रेंट शॉप्स के द्वारा आम सड़क पर की गई अव्यवस्थित पार्किंग को हटाना, सड़क पर सीमेंट अथवा अन्य मटीरियल की अंडरग्राउंड ट्रेंचेस स्थापित करना (केबल्स व पाइप्स हेतु) जिससे की सड़कें केबल हेतु बार-बार साल दर साल ना खोदी जायें, पर्यटन स्थलों के नज़दीक मोबाइल टॉयलेट स्थापित करना जहाँ जीपे, फ़ोन पे और पेटीएम के माध्यम से नाम मात्र पेमेंट कर यूज़ किया जा सके, पेंसिल डिवाइडर्स और भी जगह सड़कों पर लगवाना, झील की तरफ़ लगे लोहे के बोर्ड और अन्य होर्डिंग हटा कर उन्हें दूसरी तरफ़ लगवाना जहाँ से झील का व्यू बाधित नहीं हो, नाईट मार्केट और मुंबइया बाज़ार के लिए फ़तह सागर झील के किनारे बेहाल पड़े वर्तमान पार्कों का उपयोग करना, बेशकीमती बड़े सरकारी बंगलों को शहर की आधारभूत सुविधाओं हेतु काम में लेना और पेडेस्ट्रियानाइज़ेशन हेतु शहर के लालघाट क्षेत्र को मॉडल एरिया बनाना तत्पश्चात इस मॉडल को पुराने शहर के अन्य हिस्सों में लागू करना इत्यादि । इन सुझावों को जिला कलेक्टर द्वारा सराहा गया। देखना होगा की भविष्य में इनमें से कितने सुझावों पर धरातल पर कार्य होगा। बैठक में होटल एसोसिएशन अध्यक्ष सुदर्शन देव सिंह कारोही और वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल भी थे ।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन जैन ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर देशवासियों को दी बधाई

● पदमावत मीडिया



**मुंबई ।** एंटी करप्शन एंड क्राइम कंट्रोल कमेटी के मीडिया सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन जैन पदमावत ने अन्तर्राष्ट्रीयमहिला दिवस पर समस्त देशवासियों की महिलाओं को बधाई एवं शुभकामनायें दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन जैन पदमावत ने अपने शुभकामना संदेश में महिलाओं के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुये कहा कि महिलाएं समाज का अभिन्न हिस्सा हैं। किसी भी राज्य या देश के विकास में महिलाओं का योगदान बेहद महत्वपूर्ण है। वे प्रतिभा के बलबूते विभिन्न क्षेत्रों में अपनी अलग पहचान बना रही हैं।

### जयपुर डिस्कॉम में 8 को अनुकम्पा नियुक्ति

पदमावत मीडिया जयपुर । जयपुर डिस्कॉम में निगम के मृतक कर्मचारियों के 8 आश्रितों को अनुकम्पात्मक आधार पर परिवीक्षाधीन प्रशिक्षणार्थी के रुप में विभिन्न पदों पर नियुक्ति प्रदान की है। सभी को अपने पदस्थापित स्थान पर आदेश जारी होने की तिथि से एक माह में कार्यग्रहण करने के निर्देश दिए गए है। डिस्कॉम चेयरमैन व जयपुर डिस्कॉम की प्रबन्ध निदेशक सुश्री आरती डोगरा ने बताया कि अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करते हुए 3 को वाणिज्यिक सहायक द्वितीय एवं 5 को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर नियुक्ति दी गई है। सभी को दो वर्ष की परीवीक्षाकाल अवधि पर अस्थाई नियुक्ति दी गई है। परीवीक्षाकाल अवधि के दौरान इनको नियत मासिक पारिश्रमिक देय होगा तथा परिवीक्षाकालावधि सफलतापूर्वक पूरी करने पर इन्हे निर्धारित वेतनमान अनुज्ञाप्त किया जाएगा।

## चुरू डीएसटी व थाना रतन नगर पुलिस की कार्रवाई

## आलू की आड़ में शराब की तस्करी, 50 लाख रुपए कीमत की अंग्रेजी शराब के 470 कार्टन सहित ट्रक जप्त

● पदमावत मीडिया




**जयपुर ।** चुरू जिले की स्पेशल टीम एवं थाना रतन नगर पुलिस ने शुक्रवार को नेशनल हाईवे पर नाकाबंदी में एक ट्रक से अवैध शराब के 470 कार्टन जप्त कर आरोपी ट्रक चालक भावा राम भील पुत्र किशना राम (35) निवासी बूठ राठौडान थाना चौहटन बाड़मेर को गिरफ्तार किया गया है। आलू की आड़ में शराब तस्करी की जा रही थी। जब्त शराब की कीमत करीब 50 लाख रुपए आंकीं गई है। चूरू एसपी जय यादव ने बताया कि नशाखोरी पर प्रभावी नियंत्रण एवं उन्मूलन के लिये अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के प्रकरणों में वांछितों की गिरफ्तारी , अवैध शराब व मादक पदार्थों के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र दादरवाल व वृताधिकारी सुनिल झाझडिया के सुपरविजन में एसएचओ रतननगर रामकरण सिद्धू मय टीम द्वारा एनएच 52 उँटवालीया चोराहा रोही थैलासर पर शुक्रवार को नाकाबंदी की जा रही थी। इसी दौरान राजगढ की तरफ से आ रहे एक ट्रक को रूकवाकर चैक किया गया। ट्रक में जूट व प्लास्टिक के जालीदार 220 कट्टों में आलू भरे हुए मिले। उनके बीच मे 470 कार्टून अंग्रेजी शराब अलग अलग ब्राण्ड की मिली। जिसकी कीमत करीब 50 लाख रूपये है। शराब मय ट्रक जब्त कर ट्रक चालक भावाराम भील को गिरफतार किया गया। मामले में आबकारी एक्ट में थाना रतननगर में प्रकरण दर्ज किया गया है। उक्त कार्वाई मे डीएसटी टीम चूरू एवं थाना रतननगर के कानिस्टेबल सुष्मित मलिक की विशेष भूमिका रही।

## एसबीआई द्वारा सामान्य जांच शिविर का किया आयोजन

● पदमावत मीडिया

**भीनमाल ।** भारतीय स्टेट बैंक खारी रोड शाखा द्वारा बैंक परिसर में सामान्य चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया । कृष्णा हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में शिविर में बैंक के कर्मचारियों, अधिकारियों एवं ग्राहक गणों द्वारा अपनी स्वास्थ्य की जांच करवाई गई । यह शिविर भारत सरकार के स्वस्थ भारत मिशन के तहत आयोजन किया गया । कृष्णा हॉस्पिटल के डॉक्टर द्वारा बताया गया कि हर स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से जांच करवाते रहना चाहिए । जिससे आने वाली बीमारियों के बारे में पता लगता रहे । इस अवसर पर बैंक प्रबंधक किशनसिंह गहलोत ने कहा कि अगर आपका शरीर स्वस्थ है, तो आप हर काम अपनी मर्जी से कर सकते हैं । आप मर्जी से खा पी सकते हैं, कोई पाबंदियां नहीं रहती है । अस्वस्थता के कारण कई तरह की पाबंदियां लग जाती है । जिससे मानव जीवन में निरस्तता आ जाती है । अपने जीवन को स्वस्थ रखने के लिए नियमित जांच करवाते रहें, और स्वस्थ व्यक्ति ही विकसित भारत की धरोहर है । आप अपने शरीर को स्वस्थ रख के भारत की अर्थव्यवस्था में दवाई का पैसा बचाकर एक योगदान दे सकते हैं । अपनी नियमित जांच करवाते रहें, स्वस्थ आहार ले, योग व्यायाम करें और भारत को स्वस्थ भारत - विकसित भारत बनाने की मुहिम में साथ दे । इस अवसर पर लगभग 50 व्यक्तियों की जांच की गई एवं उन्हें चिकित्सा संबंधी आवश्यक परामर्श दिया गया । सभी ग्राहक गणों द्वारा बैंक का धन्यवाद व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इस तरह के शिविर लगाने का निवेदन किया गया । जिससे आमजन को लाभ मिल सके । बैंक प्रबंधन द्वारा सभी व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया कि बैंक की स्वस्थ भारत विकसित भारत की मुहिम में जुड़े और हम एक सशक्त भारत के निर्माण में सहयोग देते रहेंगे ।

## जिला स्तरीय बीमा समिति की बैठक आयोजित

# सबको बीमा अभियान 2047 के तहत अधिक से अधिक लोगों को जागरुक करे: जिला कलेक्टर अवधेश मीना

● पदमावत मीडिया



**सलूंबर ।** केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित ÷सबको बीमा अभियान 2047 के अंतर्गत राज्य बीमा योजना की क्रियान्विति, पर्यवेक्षण एवं समन्वय हेतु गठित ज़िला स्तरीय बीमा समिति की मासिक बैठक का आयोजन ज़िला कलेक्टर अवधेश मीना की अध्यक्षता में शुक्रवार को ज़िला कलेक्टर कक्ष में हुआ। बैठक में जिला कलेक्टर ने हर व्यक्ति तक बीमा के सभी प्रकारों साधारण बीमा, दुर्घटना बीमा, स्वास्थ्य बीमा, प्रॉपर्टी बीमा, वाहन बीमा को पहुँचाने के लिए सबको बीमा अभियान 2047 के तहत अधिक से अधिक लोगों को जागरुक करने के लिए निर्देशित किया । इस हेतु लीड इंश्योरर बजाज एलियांज तथा युनाइटेड इंडिया इन्श्योरेन्स कंपनी के प्रतिनिधियों को जागरूकता कैम्प, सोशल मीडिया पर ऑडियो वीडियो विज्ञापन, मोबाइल वैन्स आदि के माध्यम से बीमा जागरूकता कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया। अभियान के तहत बीमा कार्य करने हेतु युनाइटेड इंडिया कंपनी द्वारा चयनित 10 ग्रामों की सूची अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, ज़िला परिषद को उपलब्ध करवा कर, उक्त ग्रामों में क्रमबद्ध रूप से बीमा कार्य करने हेतु बीमा कंपनी का सहयोग करने के लिए निर्देशित किया गया । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी महेंद्र परमार को कुछ ग्रामों में शत प्रतिशत आयुष्मान आरोग्य कार्ड बनवाने का कार्य करवा मॉडल ग्राम बनाने के लिए निर्देशित किया गया । समिति के सदस्य सचिव संयुक्त निदेशक राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग उदयपुर ग्रामीण मोहमद रऊफ़ तथा यूनाईटेड इंडिया के प्रतिनिधि अपूर्व बडाला द्वारा विभिन्न विभागों, बैंकों तथा युनाइटेड इंडिया द्वारा संचालित बीमा योजनाओं की जानकारी दी गयी। बैठक में ज़िला परिवहन अधिकारी सुरेंद्र सिंह गुलिया,सहायक निदेशक कृषि गौस मोहम्मद, श्रम निरीक्षक भैरू सिंह मीना सहित अन्य उपस्थित रहे।

# सांसद श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ ने किया प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के लाभार्थियों से संवाद

## सांसद से संवाद में लाभार्थियों ने जन औषधि केंद्र के लिए जताया प्रधानमंत्री का आभार

● पदमावत मीडिया

**राजसमंद।** प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र योजना के अंतर्गत शुक्रवार को आर के राजकीय जिला चिकित्सालय पर भव्य लाभार्थी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। यह कार्यक्रम 1 मार्च से 7 मार्च तक मनाए जा रहे जन औषधि सप्ताह के समापन अवसर पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सांसद श्रीमती मेवाड़ ने प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, यह योजना भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे देश के नागरिकों को दवाइयों की महंगी कीमतों से राहत मिली है। इन केंद्रों पर उच्च गुणवत्ता वाली सस्ती दवाइयाँ उपलब्ध हैं, और इसका लाभ हर वर्ग के लोग उठा रहे हैं। लाभार्थियों ने भी इस योजना की सराहना करते हुए माननीय प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया और सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ से



कहा कि इस योजना से उन्हें नियमित रूप से महंगी दवाइयों से राहत मिली है। लाभार्थियों ने बताया कि प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र से उन्हें दवाइयाँ उच्च गुणवत्ता और किफायती दरों पर मिल रही हैं, जबकि बाजार में वही दवाइयाँ काफी महंगी हैं। साथ ही यह केंद्र सभी प्रकार की दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करता है।

### आर के जिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण

इसके अलावा सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने आर के राजकीय ज़िला चिकित्सालय का दौरा किया। चिकित्सालय की व्यवस्थाओं, सफाई और रोगियों को मिलने वाली सुविधाओं की सराहना की। उन्होंने चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमेश रजक और नर्सिंग अधीक्षक प्रकाश वैष्णव से बातचीत की और अस्पताल की विभिन्न आवश्यकताओं के संबंध में सरकार तक प्रस्ताव पहुँचाने का आश्वासन दिया।

### ये रहे मौजूद

इस कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. हेमंत बिन्दल, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमेश रजक, पद्मश्री श्यामसुंदर पालीवाल, औषधि नियंत्रक अधिकारी लतीसा, सत्यनारायण पुर्बिया, समाजसेवी महेंद्र टेलर, पार्षद सूर्यप्रकाश जांगिड़ और प्रह्लाद सिंह आशीष पालीवाल मंच पर उपस्थित रहे और कार्यक्रम में संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन नर्सिंग अधीक्षक प्रकाश चंद वैष्णव और नानालाल कुमावत ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आमजन और लाभार्थी उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025: छात्राओं की चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय उदयपुर की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को राजस्थान महिला परिषद बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती चंद्रकांता त्रिवेदी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस लैंगिक समानता के महत्व और समाज के सभी पहलुओं में महिलाओं के उत्थान की आवश्यकता को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि आज के बदलते वक्त के साथ महिलाएं राष्ट्र निर्माण में भी अपना अहम योगदान दे रही है। क्षेत्रीय प्रचार सहायक रवि कुमार योगी ने कहा कि महिलाएं समाज में एक अभिन्न भूमिका निभाती हैं, उनकी प्रगति के बिना, समाज की समग्र प्रगति रुक जाती है। महिलाओं को सशक्त बनाना न केवल नैतिक अनिवार्यता है, हमें महिलाओं का पारिवारिक, सामाजिक और वित्तीय सशक्तिकरण हेतु भी प्रयास करने होंगे तभी नारी शक्ति से विकसित भारत का सपना हम साकार कर सकते है। चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# (आयुर्वेद, योग व प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्धा एवं होम्योपैथी विभाग) भर्ती-2025 पे मैट्रिक्स लेवल संशोधन आयोग ने जारी किया शुद्धि-पत्र

● पदमावत मीडिया

**अजमेर ।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा लेक्चरर-(आयुर्वेद, योग व प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्धा एवं होम्योपैथी विभाग) भर्ती-2025 अंतर्गत शुद्धि-पत्र संख्या 22/2024-25 जारी किया गया है। इसका अवलोकन आयोग की वेबसाइट पर किया जा सकता है। आयोग सचिव ने बताया कि उक्त भर्ती के अन्तर्गत 8 विषयों हेतु लेक्चरर के कुल 9 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन संख्या 25/24-25 दिनांक 13 फरवरी 2025 को जारी किया गया था। संबंधित विभाग से प्राप्त पत्र दिनांक 28 फरवरी 2025 के अनुसार उक्त विज्ञापन में विज्ञापित लेक्चरर पद के पे-मैट्रिक्स लेवल में संशोधन संबंधी शुद्धि पत्र जारी किया गया है। उक्त पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन 21 मार्च 2025 की रात्रि 12 बजे तक तक किए जा सकेंगे। ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। परीक्षा तिथि व स्थान के संबंध में यथा समय सूचित कर दिया जाएगा।

# कलेक्टर की पहल पर वितरण के लिए तैयार हो रहे 51 हजार जूट और पेपर बैग

● पदमावत मीडिया

**राजसमंद।** जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा के निर्देशन में प्रशासन के महाअभियान स्वच्छ राजसमंद स्वस्थ राजसमंद के तहत जिले को प्लास्टिक से मुक्त करने के लिए कार्य योजना तैयार की गई है। जहां एक ओर अब सिंगल यूज प्लास्टिक पर कड़े प्रतिबंध, रोकथाम, जब्ती के लिए नगर निकायों के आयुक्त और ईओ को स्पष्ट और गंभीर निर्देश दिए गए हैं तो वहीं प्लास्टिक के उपाय के तौर पर 51 हजार बैग्स वितरित करने की मुहिम शुरू की है। कलक्टर का प्रयास है कि इस पहल से आमजन में प्लास्टिक को छोड़ इको फ्रेंडली बैग्स उपयोग में लेने की आदत विकसित हो। असावा के निर्देशन में इस कार्य में जिले की राजीविका स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं की अहम भूमिका निभा रही हैं, जिन्होंने जुट और पेपर से बनाए गए इको-फ्रेंडली बैग्स तैयार करने का कार्य प्रारंभ कर दिया है।

### अब तक इन संस्थाओं से मिले ऑर्डर

कलक्टर के प्रयासों से कई सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं से राजीविका की एसएचजी को एडवांस ऑर्डर भी मिलने शुरू हो गए हैं। अभी शुरुआत में नगर परिषद राजसमंद ने 2000 कपड़े के बैग्स, 2000 जुट के बैग, 200 गिफ्ट हैम्पर का ऑर्डर दिया है। ऐसे ही नगर पालिका नाथद्वारा ने 4000 कपड़े के बेग और 3000 जूट बेग का ऑर्डर एसएचजी को दिया है। पंचायतीराज विभाग



ने 11000 कपड़े के बेग, माइनिंग संबंधी संस्थाओं से जूट के 1000 बेग, कपड़े के 4000 बेग का एडवांस ऑर्डर मिला है। नगर पालिका देवगढ़ ने भी जुट के 1000 बेग और कपड़े के 3000 बेग का ऑर्डर दिया है। इसी तरह होटल एसोसिएशन सहित जिलेभर की कई संस्थाओं की ओर से भी ऑर्डर राजीविका एसएचजी प्राप्त हुए हैं। कलक्टर ने सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया है।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए है महत्वपूर्ण

संस्थाओं के सहयोग के साथ-साथ यह जरूरी है कि आमजन सीधा इस मुहिम से सीधे जुड़े। अगर कोई भी जुट के या कपड़े के बेग खरीदना चाहता है तो राजीविका जिला कार्यालय से 9983877432 से संपर्क कर सकते हैं। ये बेग न सिर्फ मजबूत, किफायती और लंबे समय तक चलते हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर भी महत्वपूर्ण हैं। साथ ही इस कार्य से एसएचजी की ग्रामीण महिलाओं को भी मदद मिल रही है। प्रशासन का यह प्रयास स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देगा और जिले को प्लास्टिक से मुक्त बनाने के संकल्प को साकार करने में मदद करेगा। राजीविका समूह की महिलाओं ने इस कार्य को लेकर उत्साह जताया और कहा कि वे जिले को प्लास्टिक मुक्त बनाने के इस प्रयास में अपना योगदान देने के लिए तैयार हैं।

### कलेक्टर ने आमजन से की अपील

जिला कलक्टर असावा ने इस कार्य को पूरा करने के लिए सभी नागरिकों से सहयोग की अपील की है और यह सुनिश्चित करने का वादा किया है कि प्लास्टिक के स्थान पर इको-फ्रेंडली बैग्स का उपयोग बढ़े। कलक्टर ने कहा है कि हर एक व्यक्ति का प्रयास पर्यावरण संरक्षण के लिए जरूरी है। इस मुहिम में सभी भागीदार बनें और राजसमंद को प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प लें।

### वर्जन

जिले को प्लास्टिक मुक्त बनाना हमारी प्राथमिकता है और इसके लिए सभी स्तरों पर प्रयास किए जा रहे हैं। हम सभी नागरिकों से आग्रह करते हैं कि वे सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग छोड़कर पर्यावरण को बचाने में हमारा साथ दें।

**बालमुकुंद असावा,**
**जिला कलेक्टर, राजसमंद**

# विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन, प्रथम चरण की अवधि बढ़ाई



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित होने वाले विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो दीपक माहेष्वरी व आयोजन समिति द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में उदयपुर, सलूंबर तथा राजसमंद जिलों के 18 से 25 वर्ष तक के युवाओं को युवा संसद में भाग लेने का सुअवसर प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के प्रथम चरण की अंतिम तिथि 9 मार्च से बढ़ाकर 16 मार्च कर दी गई है। भारत सरकार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित विकसित भारत युवा संसद 2025 राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर विमर्श में शामिल होने और विकसित भारत एटदीरेट 2047 के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए युवाओं के लिए एक राष्ट्रीय मंच है। प्राचार्य ने बताया कि पंजीकरण हेतु युवाओं को 'विकसित भारत से आप क्या समझते हैं' विषय पर एक मिनट का विडियो बनाकर मेरा युवा भारत पोर्टल (माय भारत पोर्टल) पर विकसित भारत युवा संसद के इवेंट पेज पर 16 मार्च 2025 तक अपलोड करना होगा। 150 प्रतिभागी जिला स्तर पर आयोजित होने वाले फिजिकल राउंड में 'एक राष्ट्र एक चुनाव' विकसित भारत के लिए मार्ग प्रशस्त करना विषय पर अपने विचार रखेंगे। 10 सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय युवा संसद में भाग लेने का मौका मिलेगा द्य राज्य स्तरीय युवा संसद, विधानसभा में आयोजित होना प्रस्तावित है। राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय उदयपुर द्वारा इस कार्यक्रम के संबंध में समस्त जानकारी उदयपुर, सलूंबर, राजसमन्द जिलों के समस्त राजकीय एवं निजी महाविद्यालय को प्रेषित कर दी गई है । 18 से 25 वर्ष की आयु के किसी भी संकाय तथा किसी भी पाठ्यक्रम के युवा इसमें भाग लेने के लिए पात्र है। अन्य जानकारी के लिए नोडल महाविद्यालय राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय या नेहरू युवा केंद्र उदयपुर से संपर्क कर सकते है।

# योग शिक्षकों का सम्मान




● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** नियमित योग कक्षा में राज्य प्रभारी करना राम ने यौगिक जॉगिंग , सूर्यनमस्कार , 8 दण्ड, 12 बैठक का अभ्यास कराया तथा योग समन्वयक अशोक जैन ने प्राणायाम का अभ्यास कराया । नरेश पूर्बिया ने बताया कि आरोग्य मेले जयपुर में योग के उत्कृष्ट प्रस्तुतिकरण के लिए उदयपुर के योग शिक्षकों को राज्य प्रभारियों ने उपरना पहना कर तथा डॉ शोभा लाल ने जयपुर से प्राप्त प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गए । डॉ शोभा लाल ने स्वास्थ्य हेतु बसंत ऋतु में खानपान के संबंध में जानकारी दी । बैठक में राज्य प्रभारी श्री समंदर सिंह राठौड़ नेआगामी अप्रैल माह में प्रस्तावित स्वामी परमार्थ देव जी के शिविर के बारे में विस्तृत विचार विमर्श किया गया।

# सुरक्षित शहर एवं सार्वजनिक स्थलः रणनीतिक पूर्वानुमान और आगामी प्राथमिकताएं पर आयोजित प्रथम क्षेत्रीय सम्मेलन आज

**भोपाल के आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी एवं प्रबंधकीय अकादमी में सुबह 10:30 बजे से शुरू होगा कार्यक्रम**

● पदमावत मीडिया

**भोपाल।** महिला सुरक्षा शाखा एवं यू.एन.विमन द्वारा संयुक्त रुप से दिनांक 8 मार्च 2025 को सुरक्षित शहर एवं सार्वजनिक स्थलः रणनीतिक पूर्वानुमान और आगामी प्राथमिकताएं पर प्रथम क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी, भोपाल में किया जाना है। उक्त सम्मेलन में प्रदेश के इन्दौर/ भोपाल/उज्जैन/जबलपुर/नर्मदापुरम/ ग्वालियर एवं सागर जोन के पुलिस महानिरीक्षक, प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक, समस्त जोन से निरीक्षक/उप निरीक्षक, जनसाहस, संगिनी, उदय, आरंभ, चैतन्य, आवाज, आई.जे.एम. एवं आस स्वयंसेवी संस्थान के कार्यकर्ता, पर्यटन विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन, शहरी आजीविका मिशन एवं मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रतिभागी भाग लेगें। सम्मेलन में सुरक्षित शहर एवं सार्वजनिक स्थल विषय पर सुश्री सोनाली मिश्रा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण, श्री शिव शेखर शुक्ला प्रमुख सचिव पर्यटन, यू.एन. विमन से सुश्री कांता सिंह (उप प्रतिनिधि) भारत, सुश्री श्रबना दत्त (प्रोग्राम कोर्डिनेटर) बांग्लादेश, केथरिन ट्रेवर्स (नीति विशेषज्ञ) न्यूयोर्क, सुश्री फॉग ली (प्रोग्राम विशेषज्ञ) वियतनाम, सुश्री मोक्षदा सलाहकार (विमन राइट्स) मोरीशस, सुश्री जेन टाउंसली (वरिष्ठ नीति सलाहकार) यू0के0 एवं द्वारा चर्चा की जाएगी। चर्चा के दौरान दिये गये सुझाव/अनुशंसाओं को नीतिगत निर्णय हेतु शासन को भेजा जाएगा। कार्यकम का समापन श्री जे0एन0 कंसोटिया (भा0प्र0से0) अपर मुख्य सचिव (गृह), मध्यप्रदेश शासन, भोपाल द्वारा किया जाएगा।

# एक औरत के रूप निराले बन के मां दुर्गा दुष्टों को संघारे

● पदमावत मीडिया



एक औरत के रूप निराले बन के मां दुर्गा दुष्टों को संघारे, जब रोए कोई नन्हा बालक मां बन जाए उसकी पालक, कर्तव्य पथ पर डटी रही रूप अनेक है मां तू अन्नपूर्णा जग पालन हारी, कौशल्या मां अहिल्या नारी, बनके मां यशोदा कृष्ण को पाली, कभी बहन के रूप में बांधी तुम रक्षा सूत्र का धागा, अरे! आज तो नभ को छूकर दिखलाती है बेटियां, फाइटर जेट भी उड़ाती है बेटियां, पीटी उषा, पीवी सिंधु, और मेरी कौन सी भी है बेटियां, फिर क्यों बलात्कार की भेंट चढ़ जाती है बेटियां, गलती करता पुरुषत्व है फिर क्यों दागदार हो जाती है बेटियां, पहली बार वित्त मंत्री और राष्ट्रपति के पद का स्वरूप है बेटियां, क्रिकेट में वर्ल्ड कप का जरूर है बेटियां, सागर की लहरों को चीर जाती है बेटियां, कहती है मीनू फिर से अस्त्र उठा लो शस्त्र उठा लो, बन जाओ रणचंडी, अपनी रक्षा खुद ही करना, नहीं किसी के आगे झुकना, नारी ही नारी की दुश्मन बस इसको खारिज कर दिखलाना अपना वजूद भुलाकर हर किरदार निभाती हैं बेटियां, वह स्त्री ही (बेटियां) ही है जो हर फर्ज निभाती हैं।

# ड़गांव में सामूहिक ढूंढोत्सव का हुआ आयोजन



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** औदिच्य समाज बड़गांव की ओर से 13वां सामूहिक ढूंढोत्सव शुक्रवार 14 मार्च को समाज के नोहरे में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। समाज अध्यक्ष नारायण लाल व्यास ने बताया कि इस कार्यक्रम में समाज के नौनिहाल ईशान जोशी, कृषवी जोशी, दुर्विका जोशी व व्योम शर्मा का ढूंढोत्सव होगा। इससे पूर्व सुबह के समय होली मिलन कार्यक्रम व शाम को गांव के प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में प्राचीन परंपरा के अनुसार ढूंढ कार्यक्रम, तत्पश्चात गैर नृत्य का आयोजन होगा।

# जैन नवयुवक मण्डल का विशाल रक्तदान शिविर 9 को

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** जैन नवयुवक मण्डल, हिरण मगरी, सेक्टर 11-13 व महावीर इंटरनेशनल, उदयपुर द्वारा रविवार 9 मार्च को महावीर भवन, सेक्टर 11, उदयपुर में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। नवयुवक मण्डल अध्यक्ष विशाल मारू ने बताया कि उक्त आयोजन को लेकर सभी सदस्यों में भारी उत्साह है, उक्त आयोजन के मुख्य सहयोगकर्ता नितुल व अतुल चंडालिया है। सचिव लोकेश कोठीफोडा एवं शिविर संयोजक राकेश कावडिया ने बताया कि सभी सदस्य अधिक से अधिक रक्तदान करवाने के लिए कृत संकल्प है तथा लोगों से व्यक्तिगत संपर्क करके रक्तदान के लिए प्रोत्साहित कर रहे है, अभी तक 100 से अधिक व्यक्तियों ने रक्तदान की सहमति प्रदान कर दी है। महावीर इंटरनेशनल के अध्यक्ष सुनील गांग ने बताया कि हम सभी इसे 200 यूनिट रक्तदान तक ले जाने के लिए प्रयासरत है। रक्त आरएनटी मेडिकल कॉलेज की टीम द्वारा संकलित किया जायेगा। उन्होंने ने सभी शहरवासियों से उक्त शिविर में रक्तदान करने की अपील की है।

# कैट विमेन विंग उदयपुर द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या हुआ विशेष कार्यक्रम

## कैट आइकन अवार्ड' में 200 से अधिक विशेष उपलब्धियाँ हासिल करने वाली महिलाओं का हुआ सम्मान

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर कैट विमेन विंग उदयपुर द्वारा कैट आइकन अवार्ड कार्यक्रम का भव्य आयोजन शुक्रवार को 100 फीट रोड स्थित अशोक ग्रीन होटल में किया गया। कैट विमेन विंग अध्यक्ष विजयलक्ष्मी गलूंडिया ने बताया कि इस कार्यक्रम में फ्यूशन बिजनेस प्राइवेट लिमिटेड की सीईओ एवं को-फाउंडर श्वेता दुबे मुख्य अतिथि रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक चेतना भाटी ने की, जबकि सीईओ जिला परिषद रिया डाबी और रीजनल डिप्टी टूरिज्म शिखा सक्सेना विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस आयोजन में 200 से अधिक महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में उनकी विशेष उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया।
साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि यह कार्यक्रम महिला उद्यमियों, व्यवसायियों, प्रशासनिक अधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षाविदों और विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। आज हर क्षेत्र में महिलाएं अपनी काबिलियत साबित कर रही हैं और सफलता की नई ऊंचाइयां छू रही हैं। यह पुरस्कार उन महिलाओं के संघर्ष, मेहनत और




उपलब्धियों को सम्मानित करने का एक प्रयास है, जिन्होंने अपने बलबूते पर नाम रोशन किया है। सचिव डॉ. सोनू जैन ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ श्रुति स्कूल ऑफ कथक डांस अकादमी की नृत्यांगना के कथक नृत्य वंदना द्वारा कार्यक्रम का आगाज हुआ, तत्पश्चात सम्मान समारोह शुरू हुआ जिसमें मुख्य अतिथि श्वेता दुबे ने अपने संबोधन में कहा, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। समाज के हर स्तर पर महिलाओं को सहयोग की जरूरत है। जब महिलाएं सशक्त होंगी, तो पूरा समाज प्रगति करेगा। ऐसे पुरस्कार महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम अध्यक्ष चेतना भाटी ने कहा कि इतिहास गवाह है कि महिलाएं हमेशा से सशक्त रही हैं, बस उन्हें अपनी शक्ति को पहचानने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, ÷आधुनिकता कपड़ों में नहीं, बल्कि विचारों में होनी चाहिए। महिलाएं आज पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं, लेकिन समाज में अभी भी कई कुरीतियाँ जैसे बलात्कार, भ्रूण हत्या जैसी समस्याएं मौजूद हैं, जिन्हें खत्म करने के लिए हमें और अधिक प्रयास करने होंगे।

### इन महिलाओं को हुआ सम्मान

कार्यक्रम डायरेक्टर मधु सरीन, राजकुमारी गांधी और बृजराज राठौर ने बताया कि कार्यक्रम में निम्नलिखित महिलाओं को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। जिनमे अनीता राठौड़ - कवयित्री, रिया डाबी - सीईओ, जिला परिषद, सिंधु - यूनिसेफ इंडिया समन्वयक (बच्चों की देखभाल के लिए पुलिसिंग), रत्ना सिसोदिया - एसोसिएट प्रोफेसर और रिसर्च सुपरवाइजर, पैसिफिक स्कूल ऑफ लॉ, माला सुखवाल - अंतरराष्टीय पावरलिफ्टर, शोभा देवपुरा - सेवानिवृत्त प्राचार्य, कॉलेज शिक्षा विभाग, माया चावत - अंतरराष्टीय बैडमिंटन खिलाड़ी, शिखा सक्सेना - उप निदेशक, पर्यटन विभाग, सोनिका कुमारी - आईएएस, एसडीएम गिर्वा, दिव्या चौधरी - जेलर, शुभांगी वरंगांवकर - प्राचार्य, सेंट जेवियर्स, डॉ. गरिमा मेहता - ब्रेस्ट कैंसर, सर्जन, शानू लोढ़ा - प्रशासनिक अधिकारी, आईआईएम, कीर्ति राठौड़ - आरएए और निपटान अधिकारी, उदयपुर, गायत्री तिवारी - पूर्व प्रोफेसर (एचडीएफएस विभाग), पुष्पा खमेसरा - डाक टिकट संग्रह में विश्व रिकॉर्ड धारक, डॉ. स्नेहा बाबेल - एसोसिएट प्रोफेसर और हॉस्टल अधीक्षक, श्वेता इनानी - रक्तदाता, सुरभि पोरवाल - निदेशक, जीबीएच ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, पुष्पा खमेसरा - स्टांप कलेक्टर, प्रतीति व्यास - अंतरराष्टीय खिलाड़ी, ड्रैगन बोट वर्ल्ड चैंपियन, डॉ. सैयद रिजवाना रिजवी - नोटरी पब्लिक, अधिवक्ता विजयलक्ष्मी नैनावटी - कवियत्री एवं लेखिका, मीनाक्षी शर्मा - ब्यूटीशियन, गायिका इसके अतिरिक्त अपने बलबूते पर होटल, रेस्टोरेंट, बुटीक, ज्वैलरी व्यवसाय, बेकरी, घरेलू व्यवसाय, पेंटिंग, गेम जोन, ग्राफिक, इंटीरियर डिजाइनर, ऑनलाइन बिजनेस करने वाली 200 बिजनेस वूमेन का सम्मान किया गया।
कार्यक्रम में मुख्य स्पॉन्सर थे होटल गोरबंध, स्वर्णा सिल्वर, सरिन क्लिनिक,एडवांस न्यूरो एंड फिजियो क्लिनिक, राजस्थान जेम्स,अच्छा मसाला कृष्णा द डिजाइनर, उन्नति चोकोक्रश, पंख इवेंट एंड डेकोर। कार्यक्रम में बिजनेस क्विज प्रोग्राम भी आयोजित हुआ जिसमें महिला दिवस, बिजनेस एवं कैट को जानो पर आधारित प्रश्न पूछे गए एवं विजेताओं को सम्मानित किया गया कार्यक्रम में चयनिका गलूंडिया, नेहा माहेश्वरी, उर्मी वरलानी, आशा पालीवाल, ने जैन, सोनम कालरा, रुचि चोरडिया, नैना जैन, नमिता कोठारी, कविता बलदेवा और उर्मिला जैन का विशेष सहयोग रहा। स्वागत अध्यक्ष विजयलक्ष्मी गलूंडिया ने किया, धन्यवाद सचिव डॉ सोनू जैन ने ज्ञापित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन मीनल जैन ने किया।

# ग्राम पंचायत रोहनवाडा में जिला कलक्टर की रात्रि चौपाल आयोजित

## ग्रामीणों के समस्याओं के निस्तारण के दिए निर्देश

● पदमावत मीडिया

**डूंगरपुर।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण कर राहत प्रदान करने के उदेश्य से जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरूवार को पंचायत समिति डूंगरपुर की ग्राम पंचायत रोहनवाडा में रात्रि चौपाल आयोजित की गई। राजकीय सीनियर माध्यामिक विद्यालय रोहनवाडा में आयोजित रात्रि चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीण परिवेदनाएं लेकर उपस्थित हुए और अपनी परिवेदनाएं प्रस्तुत की। रात्रि चौपाल में जिला कलक्टर ने एक-एक कर ग्रामीणों की परिवेदनाएं सुनी तथा अधिकारियों से तथ्यात्मक जानकारी लेकर त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।



### विभागीय योजनाओं की दी जानकारी

रात्रि चौपाल में समाज कल्याण विभाग के अधिकारी ने वृद्धावस्था पेंशन योजना, विकलांग पेंशन योजना, एकलनारी पेंशन योजना, पालनहार योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना की विस्तृत जानकारी दी वहीं पशुपालन विभाग के अधिकारी ने बीमार पशुओं के लिए निःशुल्क दवा योजना एवं बीमार पशुओं के लिए घर पर इलाज करवाने के लिए एम्बुलेस के लिए 1962 टोल फ्री नम्बर पर कॉल करने की जानकारी दी। इसी प्रकार कृषि विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, बिजली विभाग, रसद विभाग, जलदाय विभाग, पंचायती राज विभाग सहित समस्त विभागीय अधिकारियों ने योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान अंकित कुमार सिंह ने उपस्थित आमजन से राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। इससे पूर्व रात्रि चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों ने जिला कलक्टर श्री अंकित कुमार सिंह का माल्यार्पण और पगड़ी पहनाकर स्वागत एवं अभिवादन किया।

### ये आई परिवेदनाएं

आयोजित रात्रि चौपाल में कुएं व टंकी निर्माण कार्य, विंकलाग पेंशन चालू करवाने, पेयजल व्यवस्था करवाने, ग्राम पंचायत कोटाणा से ग्राम पंचायत घोडी तक टू-लेन सड़क निर्माण करवाने, ग्राम पंचायत में स्थित राजकीय सीनियर माध्यमिक विद्यालय में कृषि संकाय खुलवाने, रोडवेज बस संचालन करवाने, उपस्वास्थ्य केंद्र निर्माण के लिए भूमि आवंटन करवाने, सीमांकन करवाने, सड़क पर अतिक्रमण हटवाने, विद्यालय के बाहर सड़क पर गति अवरोधक बनवाने, नई डामरीकरण सड़क निमार्ण, नया मोबाइल टावर लगवाने, सौर उर्जा के लिए लिफ्ट एरीगेशन कण्डूला चालू करवाने सहित अन्य परिवेदनाएं प्रस्तुत की। इस दौरान जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने संबंधित अधिकारियों से तथ्यात्मक जानकारी लेते हुए नियमानुसार शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

### प्रतिभावन छात्राओं का किया अभिनंदन

राजकीय सीनियर माध्यमिक विद्यालय रोहनवाडा के उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाले कक्षा बाहरवी और दसवी में छात्र-छात्राओं का माल्यापर्ण कर सम्मानित कर प्रोत्साहित किया। जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने कहा कि सभी सम्मानित होने वाले छात्र-छात्राएं बधाई के पात्र है, अपना लक्ष्य निर्धारित कर अध्ययन करें रात्रि चौपाल में उपस्थित ग्रामीणजनों से जिला कलक्टर ने सरकारी योजनाओं और स्वास्थ्य संबंधी पहलुओं के बारे में जानकारी दी है।

उन्होंने कहा कि जिले में फार्मर रजिस्ट्री कैंप आयोजित किया जा रहा है, जिसमें पात्र व्यक्ति अपनी किसान आईडी बनवाकर लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा, उन्होंने गर्भवती महिलाओं के लिए एनीमिया की कमी को दूर करने के लिए चलाए जा रहे अभियान की भी जानकारी दी और महिलाओं को डॉ द्वारा दी जाने वाली दवाइयों का नियमित सेवन करने की सलाह दी है, जिससे माता एवं शिशु की सेहत बेहतर रहें। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा खोले गए एकलव्य मॉडल स्कूल में बच्चों का प्रवेश दिलवाकर उन्हें सभी प्रकार की सुविधाओं का लाभ उठाने की अपील की है। चौपाल में सरपंच रेखा देवी अहारी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी हनुमान सिंह राठौड़, उपखंड अधिकारी डूंगरपुर सांवरलाल अबासरा, तहसीलदार जियाउर रहमान, विकास अधिकारी प्रवीण सिंह राव, समस्त जिला स्तरीय अधिकारी और जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

# महिलाओं ने खेलकूद स्पर्धाओं में दिखाई प्रतिभा

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर खेल प्रतियोगिताएं

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** युवा मामले एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के निर्देशानुसार क्षेत्रीय खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र के तत्वावधान में अंतर्राष्टीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में खेल प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है। जिला खेल अधिकारी डॉ. महेश पालीवाल ने बताया कि महाराणा प्रताप खेलगांव स्थित जूडो/बाक्सिंग हॉल में आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। इसमें प्रशिक्षण सुनीता भण्डारी ने महिलाओं को आत्मरक्षा का प्रषिक्षण दिया। इसी प्रकार महाराणा भूपाल स्टेडियम (गांधी ग्राउंड) में वॉलीबॉल कोच अजीत कुमार जैन के निर्देशन में महिलाओं की वॉलीबॉल प्रतियोगिता हुई। डॉ. पालीवाल ने बताया कि 8 मार्च को सुबह 6.30 बजे फतेहसागर की पाल देवाली छोर से साइकिलिंग मैराथन आयोजित होगी। 9 मार्च को सुबह 7 बजे खेलगांव में रीना पुरोहित द्वारा योगाभ्यास कराया जाएगा। इसके बाद पारम्परिक खेलों का आयोजन किया जाएगा। डॉ. पालीवाल ने महिलाओं को खेलों के बारे में जानकारी देने के साथ फिटनेस टिप दिए। महिलाओं को फिटनेस एवं स्वस्थ जीवन शैली, स्वास्थ्य, परिवार के सदस्यों, पड़ोसियों को फिट रहने के लिए प्रोत्साहित करने की प्रतिज्ञा दिलाई गई। इस अवसर पर परिषद की महिला प्रशिक्षक उषा आचरज एवं अदिती रंकावत, बास्केटबॉल प्रशिक्षण आकांक्षा कानावत, शुटिंग प्रशिक्षक नाजिया बानू, हॉकी प्रशिक्षक कनिष्का चौहान, वॉलीबॉल प्रशिक्षक नेहा कोदली तथा जूडो प्रशिक्षक भावना राठौड़ आदि उपस्थित रहे।

# फ़तेहनगर जेवाना की प्रिया चौधरी नें मेवाड़ का किया नाम रोशन

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** फ़तेहनग जेवाना की प्रिया चौधरी नें राज्य और राष्टीय स्तर पर वॉलीबॉल में कई बार राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया। प्रिया नें मिनी नेशनल मै कॉंस्य, नेशनल गेम्स भावनगर और 2025 के नेशनल गेम्स उत्तराखंड में राजस्थान टीम का हिस्सा बनी और कॉंस्य पदक दिलाया। इसी तरह भारतीय टीम के प्रशिक्षण शिविर मै शामिल होने वाली मेवाड़ की पहली वॉलीबॉल खिलाड़ी बनी और अपना व आपने गांव का नाम रोशन किया। जिला वॉलीबॉल संघ सचिव हेमराज सोनवाल नें बताया की प्रिया अभी जयपुर में रह कर अपने पिता राष्टीय खिलाड़ी प्रभुलाल जी जाट से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है।

# अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष पर पेंशनर संवाद आयोजित




● पदमावत मीडिया

**भीनमाल।** अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अवसर पर पेंशनर संवाद कार्यक्रम का आयोजन जालोर नागरिक सहकारी बैंक द्वारा किया गया । इस अवसर पर स्थानीय विकास भवन में आयोजित कार्यक्रम में पेंशनर समाज के जिलाध्यक्ष धनराज दवे द्वारा पेंशनरों के हित को बढावा देने के लिए अपने विचार व्यक्त किये ।

ललित दवे उपाध्यक्ष जालोर नागरिक सहकारी बैंक द्वारा बैंक की कार्य प्रणाली के बारे में पेंशनरों को विस्तार से जानकारी दी गई । डॉ दिनेश जम्भाणी एवं डॉ श्रवण मोदी ने पेंशनरों को स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी देते हुए स्वास्थ के नियमों से अवगत कराया । बैंक के महाप्रबंधक महेश शर्मा द्वारा पेंशनरों को बैंक में खाता खुलवाने एवं राशि जमा करवाने का आव्हान किया । शर्मा ने सभी पेंशनरों का आभार व्यक्त किया गया ।पेंशनर समाज के अध्यक्ष अर्जुनप्रसाद बोहरा ने कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सभी का स्वागत एवं अभिनन्दन किया । इस अवसर पर वरिष्ठ पेंशनरों हुकमेश्वर व्यास सहित कई पेंशनरों को बैंक द्वारा शाल एवं माला पहना कर अभिनन्दन करते हुए उनके दीर्घ स्वास्थ्य की कामना की गई । कार्यक्रम के दौरान पेंशनर समाज के कई लोगों के साथ स्थानीय शाखा प्रबंधक कुशलराज सोलंकी, दलपतसिंह राव, मोहम्मद सदीक, सुनील ने भी भाग लिया ।

# वर्ष 2024 में पाकिस्तान बना दुनिया का दूसरा सबसे अधिक आतंकवाद प्रभावित देश

● पदमावत मीडिया



**इस्लामाबाद एजेंसी।** वैश्विक आतंकवाद सूचकांक (जीटीआई) 2025 की रिपोर्ट में कहा गया कि पाकिस्तान में आतंकवाद बढ़ता जा रहा है जिससे यह वर्ष 2024 में दुनिया का दूसरा सबसे अधिक आतंकवाद प्रभावित देश बन गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान में आतंकवाद से होने वाली मौतों में 45 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2023 में 748 मौतों की तुलना में 2024 में यह आंकड़ा बढ़कर 1,081 हो गया। यह आकंड़े वैश्विक स्तर पर आतंकवाद से मौत में सबसे तेज वृद्धि में से एक हैं। पूर्व में इस सूचकांक में पाकिस्तान चौथे स्थान पर था। पाकिस्तान में आतंकी हमलों की संख्या भी वर्ष 2023 में 517 से बढ़कर 2024 में 1,099 हो गई। यह संख्या पहली बार 1,000 का आंकड़ा पार कर गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान लंबे समय से यह दावा करता रहा है कि प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और अन्य आतंकवादी संगठन अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल पाकिस्तान में हमले करने के लिए कर रहे हैं। रिपोर्ट में इस बात पर जोर दिया गया है कि पाकिस्तान में आतंकवाद में बढ़ोतरी और काबुल में अफगान तालिबान के सत्ता में आने के बीच महत्वपूर्ण संबंध है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अफगानिस्तान में सक्रिय आतंकवादी गुटों ने विशेष रूप से पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर अपने हमले तेज किए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि टीटीपी देश में सबसे घातक आतंकवादी समूह बना हुआ है जो आतंकवाद से संबंधित सभी मौतों में से 52 फीसदी के लिए जिम्मेदार है। प्रतिबंधित संगठन टीटीपी ने वर्ष 2024 में कुल 482 हमले किए जिनमें 558 लोग मारे गए। बीते वर्ष के मुकाबले टीटीपी के हमलों की संख्या दोगुनी हो गई, वहीं मौतों में 90 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। रिपोर्ट के अनुसार, अफगान तालिबान के वर्ष 2021 में सत्ता में लौटने के बाद से टीटीपी को अधिक स्वतंत्रता और सीमा पार सुरक्षित ठिकाने मिले हैं जिससे इसे हमलों की योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने की खुली छूट मिल गई है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि पाकिस्तान में आतंकवाद से सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा रहे। यह दोनों क्षेत्र अफगानिस्तान की सीमा से लगे हैं। वर्ष 2024 में पाकिस्तान में 96 फीसदी से अधिक आतंकी हमले और मौतें इन्हीं प्रांतों में दर्ज किए गये।

# प्रतिबंधित इस्लामी समूह हिज्ब उत-तहरीर ने बांग्लादेश में निकाला मार्च, मस्जिद के पास पुलिस से हुई झड़प



● पदमावत मीडिया

**बांग्लादेश एजेंसी।** जुलूस शुरू में बिना किसी व्यवधान के आगे बढ़ा, लेकिन जैसे ही प्रदर्शनकारी पलटन से बिजॉयनगर की ओर बढ़े, तनाव बढ़ गया, जहां पुलिस ने नाकाबंदी कर दी। जवाब में, हिज्ब उत-तहरीर के सदस्यों ने विरोध किया, जिससे दोनों पक्षों के बीच धक्का-मुक्की शुरू हो गई। प्रतिबंधित इस्लामी समूह हिज्ब उत-तहरीर ने शुक्रवार को बांग्लादेशी प्रशासन के आदेशों के खिलाफ ढाका में अपनी पहली खुली रैली की, जिसके कारण जुमे की नमाज के बाद मस्जिद के पास पुलिस के साथ झड़प हो गई। ÷खिलाफत के लिए मार्च÷ में हजारों लोग शामिल हुए और रैली राजधानी शहर में बैतुल मुकर्रम राष्टीय मस्जिद के उत्तरी द्वार से शुरू हुई। एक रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस द्वारा मार्च को रोकने के लिए हस्तक्षेप करने पर झड़पें शुरू हो गईं। जुलूस शुरू में बिना किसी व्यवधान के आगे बढ़ा, लेकिन जैसे ही प्रदर्शनकारी पलटन से बिजॉयनगर की ओर बढ़े, तनाव बढ़ गया, जहां पुलिस ने नाकाबंदी कर दी। जवाब में, हिज्ब उत-तहरीर के सदस्यों ने विरोध किया, जिससे दोनों पक्षों के बीच धक्का-मुक्की शुरू हो गई। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले और ध्वनि ग्रेनेड दागे, जिससे प्रदर्शनकारी कुछ समय के लिए तितर-बितर हो गए। हालांकि, बाद में वे फिर से एकत्र हुए और अपना जुलूस फिर से शुरू करने का प्रयास किया। जैसे-जैसे तनाव बढ़ता गया, कानून प्रवर्तन ने एक बार फिर आंसू गैस का इस्तेमाल किया।

# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

● पदमावत मीडिया

**डूंगरपुर।** जिला खेलकूद प्रशिक्षण द्वारा शहर के लक्ष्मण मैदान व स्पोटर्स कॉम्पलेक्स में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में बॉलीबॉल एवं रस्सा-कस्सी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी नरेश कुमार डामोर ने बताया कि महिला की इस खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छूक महिलाए एवं बालिकाए 8 मार्च 2025 को प्रातः 11 बजे लक्ष्मण मैदान में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

# सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती शिविर 8 मार्च से

● पदमावत मीडिया

**डूंगरपुर।** डूंगरपुर जिले में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली द्वारा सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर के रूप में भर्ती करने के लिए जिला मुख्यालय तथा पंचायत समिति स्तर पर 08 मार्च से 18 मार्च 2025 तक भर्ती कैंप का आयोजन किया जाएगा। जारी कार्य म के अनुसार 8 मार्च को पंचायत समिति गलियाकोट में, 9 मार्च को पंचायत समिति बिछीवाड़ा में, 10 मार्च को पंचायत समिति सागवाड़ा में 11 मार्च को पंचायत समिति आसपुर में, 12 मार्च को पंचायत समिति साबला में, 17 मार्च को पंचायत समित दोवड़ा में 18 मार्च को पंचायत समिति डूंगरपुर में, कैंप प्रातः 10.30 बजे से 3.30 बजे तक आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी मुख्य कार्यकारी अधिकारी हनुमान सिंह राठौड ने दी।

# जयशंकर ने आतंकवाद को बताया बड़ी चुनौती, बोले- अधिक प्रतिबद्धता के साथ इससे निपटने की जरूरत

● पदमावत मीडिया



**आयरलैंड एजेंसी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आतंकवाद को एक चुनौती बताया है, जिससे बहुत अधिक संकल्प और प्रतिबद्धता के साथ निपटने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आयरलैंड के अहाकिस्ता में एक पट्टिका एयर इंडिया विमान कनिष्क बम विस्फोट के पीड़ितों की याद में लगाई गई है, जो 1985 में आयरलैंड के तट पर हुआ था। अपने भाषण में जयशंकर ने कहा कि संघर्ष के बारे में बात करते हुए, आतंकवाद का मुकाबला करने पर भी एक शब्द कहना उचित होगा, खासकर एक ऐसे देश के विदेश मंत्री के रूप में जो लंबे समय से आतंकवादी प्रयासों का शिकार रहा है। आयरलैंड के अहाकिस्ता गांव में वास्तव में एक स्मारक पट्टिका है, जो एयर इंडिया के विमान कनिष्क बम विस्फोट के 329 पीड़ितों की याद में है। इस बात पर जोर देते हुए कि संघर्ष हिंसक और दर्दनाक होते हैं, उन्होंने कहा, ÷मैं दुनिया की स्थिति के बारे में एक व्यापक अवलोकन करना चाहता हूँ, जिसे बहुत हल्के ढंग से कहना मुश्किल है। कई कारणों से, हमारा ध्यान आम तौर पर संघर्षों पर ही लगा रहता है। संघर्ष हिंसक होते हैं। वे दर्दनाक होते हैं। आप इसके बारे में अखबारों में पढ़ते हैं, टीवी पर देखते हैं, फोन पर देखते हैं। लेकिन बहुत कुछ ऐसा हो रहा है जिसके बारे में आपको जरूरी नहीं कि पढ़ा हो। संघर्षों के बारे में भी, एक अनुमान के अनुसार दुनिया में लगभग 60 संघर्ष चल रहे हैं, शायद दो या तीन अखबारों या टीवी पर आते हैं। संभवतः इस समय सबसे परेशान करने वाली बात यह है कि इस दशक के अंत तक देश अपने सतत विकास लक्ष्यों तक पहुँच जाएँगे।

# आसपास के इलाकों में सतर्कता बढ़ाई गई, अपिरिचत को न रोकने की हिदायत

● पदमावत मीडिया

**अयोध्या।** अयोध्या में राममंदिर के आसपास के इलाकों में सतर्कता बढ़ा दी गई है। वहीं, लोगों को अपरिचित व्यक्ति को न रोकने की हिदायत दी गई है। कई इलाकों में नए सिरे से प्रकाश व्यवस्था की जा रही है। फरीदाबाद में जिले के मिल्कीपुर निवासी एक संदिग्ध आंतकी के पकड़े जाने के बाद अयोध्या में सतर्कता बढ़ा दी गई है। पूछताछ में खुलासा हुआ था कि राममंदिर को उड़ाने की साजिश रची जा रही थी। इसको देखते हुए पिछले तीन-चार दिनों से राममंदिर व आसपास के इलाकों में सतर्कता बढ़ाई गई है। इसी क्रम में बृहस्पतिवार रात सुरक्षा बलों ने राममंदिर के आसपास के घरों में रहने वाले लोगों को हिदायत दी कि अपने घर में अपरिचित को न रोकें। एसपी सुरक्षा बलरामाचारी दुबे की अगुवाई में सुरक्षाबलों ने राममंदिर के आसपास के इलाकों में बृहस्पतिवार रात भ्रमण कर संदिग्ध मिले युवकों से पूछताछ की। कटरा, दुराही कुंआ, जैन मंदिर के पीछे, टेढ़ीबाजार आदि क्षेत्रों में रह रहे लोगों को घर में किसी भी अपरिचित को न रोकने की हिदायत दी गई। साथ ही लोगों से अपील की गई कि कोई संदिग्ध, व्यक्ति व वस्तु दिखे तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। एसपी सुरक्षा ने बताया कि राममंदिर से सटे इलाकों में लगे सभी सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए। सभी कैमरे काम कर रहे हैं।

# जेलेंस्की का तख्ता पलटना चाहते हैं ट्रंप, यूक्रेन के विपक्षी नेताओं से गुप्त वार्ताएं कर रही है अमेरिकी टीम

● पदमावत मीडिया



**वाशिंगटन एजेंसी।** जहां तक ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों की यूक्रेन के विपक्षी नेताओं से हुई चर्चा की बात है तो आपको बता दें कि विपक्षी नेता यूलिया टिमोशेंको और पूर्व राष्ट्रपति पेट्रो पोरोशेंको की पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों के साथ हुई चर्चा यूक्रेन में शीघ्र राष्ट्रपति चुनाव कराने की संभावना पर केंद्रित थी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदमीर जेलेंस्की ने पिछले सप्ताह व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ जो बहस की थी वह डोनाल्ड ट्रंप को इतना नागवार गुजर गयी है कि वह यूक्रेन में सत्ता बदलवाने की जुगत में लग गये हैं। बताया जा रहा है कि डोनाल्ड ट्रंप की टीम यूक्रेन में विपक्षी नेताओं के साथ गुप्त वार्ता में लगी हुई है, जिससे राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की को हटाने के संभावित प्रयास के बारे में अटकलें लगाई जा रही हैं। ट्रंप प्रशासन का प्रयास है कि या तो यूक्रेन में मौजूद विपक्षी नेताओं में से ही कोई अपने देश की बागडोर संभालने पर सहमत हो जाये तो ठीक है वरना बाहर से किसी यूक्रेनी को लाकर कीव में बिठा दिया जायेगा। बताया जा रहा है कि लंदन में यूक्रेन के राजदूत को भी इस काम के लिए तैयार होने के लिए कहा जा रहा है। हम आपकों बता दें कि हाल ही में यूक्रेनी राष्ट्रपति के लंदन दौरे के दौरान वहां उनके राजदूत उनकी अगवानी के लिए नहीं पहुँचे थे। जहां तक ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों की यूक्रेन के विपक्षी नेताओं से हुई चर्चा की बात है तो आपको बता दें कि विपक्षी नेता यूलिया टिमोशेंको और पूर्व राष्ट्रपति पेट्रो पोरोशेंको की पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों के साथ हुई चर्चा यूक्रेन में शीघ्र राष्ट्रपति चुनाव कराने की संभावना पर केंद्रित थी। अमेरिका की शह पर अब यूक्रेन में नई सरकार बनवाने की जो कवायद चल रही है उससे पहले ट्रंप प्रशासन ने यूक्रेन को सैन्य सहायता के साथ ही खुफिया जानकारी साझा करना भी बंद कर दिया है जिससे रूस के खिलाफ यूक्रेन के अभियान में बड़ी बाधा खड़ी हो गयी है। यह एक ऐसा कदम है जिससे यूक्रेन के लोग जेलेंस्की से नाराज बताये जा रहे हैं क्योंकि उनकी जिद ने उनके भविष्य को पूरी तरह खतरे में डाल दिया है। हम आपको यह भी बता दें कि यूक्रेन के विपक्षी नेता यूलिया टिमोशेंको अनुभवी राजनीतिक खिलाड़ी हैं। वह दो बार प्रधानमंत्री रह चुके हैं और लंबे समय से राष्ट्रपति पद की आकांक्षा रखते हैं। वह अपना सपना पूरा होने की राह में जेलेंस्की को बड़ा रोड़ा मानते हैं लेकिन दिलचस्प बात यह है कि ट्रंप की टीम के साथ बातचीत के बावजूद, उन्होंने ज़ेलेंस्की का बचाव करते हुए कहा है कि युद्ध के दौरान चुनाव ÷असंभव और अनैतिक÷ होंगे। यही नहीं, यूक्रेन के पूर्व राष्ट्रपति और अरबपति पेट्रो पोरोशेंको, जिन्हें चॉकलेट किंग÷ के नाम से जाना जाता है, वह ज़ेलेंस्की के बड़े आलोचकों में भी शुमार हैं, लेकिन उन्होंने भी युद्धविराम से पहले चुनाव कराने का भी विरोध किया है। दरअसल, यूक्रेन में अभी मार्शल लॉ लगा हुआ है और इसका हवाला देते हुए जेलेंस्की देश में चुनाव करवाने से इंकार कर रहे हैं। यदि फरवरी 2022 में रूस द्वारा आक्रमण शुरू करने के बाद यूक्रेन में मार्शल लॉ लागू नहीं होता, तो देश में पिछले साल मई में चुनाव हो गए होते। हम आपको बता दें कि 'मार्शल लॉ' अधिनियम को यूक्रेन ने 24 फरवरी 2022 को लागू किया था। यह आपातकाल में यूक्रेन में सभी चुनावों पर स्पष्ट रूप से प्रतिबंध लगाता है। यह भी कहा जा रहा है कि जेलेंस्की सैद्धांतिक रूप से चुनावों के खिलाफ नहीं हैं और उन्होंने इस बात पर सहमति जताई है कि चुनाव सही समय पर होने चाहिए। जेलेंस्की ने इस साल दो जनवरी को एक साक्षात्कार में कहा था, ''मार्शल लॉ खत्म हो जाने के बाद गेंद संसद के पाले में होती है- संसद फिर चुनाव की तारीख तय करती है।'' जेलेंस्की ने कहा था कि समस्या समय और परिस्थिति की है। उन्होंने कहा था कि युद्ध के दौरान चुनाव नहीं हो सकते। कानून, संविधान और अन्य चीजों में बदलाव करना जरूरी है। ये महत्वपूर्ण चुनौतियां हैं।

# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवसः महिला सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है राज्य सरकार

# राजस्थान पुलिस की आधी आबादी से अनूठी अपील : राज्य की हर महिला-बालिका के मोबाइल में हो राजकॉप सिटीजन एप

● पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर राजस्थान पुलिस ने प्रदेशभर की आधी आबादी से अपील की है कि महिलाओं को आपातकालीन स्थितियों में चंद मिनटों में पुलिस सुरक्षा सुलभ कराने के उद्देश्य से विकसित किए गए राजकॉप सिटीजन एप हर महिला–बालिका के मोबाइल में डाउनलोड हो।

### अब तक 18.3 लाख हुए डाउनलोड

महानिदेशक पुलिस उत्कल रंजन साहू ने बताया कि महिलाओं को आपातकालीन एवं गैर आपातकालीन परिस्थितियों में 24ङ्ग7 सुनिश्चित पुलिस सहायता प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा दिनांक 14 दिसम्बर 2024 को राजकॉप सिटीजन एप पर मदद चाहिए (Need Help) feature का शुभारम्भ किया गया है। अब तक 18.3 लाख से अधिक व्यक्तियों द्वारा यह डाउनलोड किया जा चुका है। एप के नए फीचर नीड हेल्प शुरू होने के बाद 1,87,040 लोगों द्वारा इसे डाउनलोड किया गया है।

### महिला सुरक्षा के लिए सीएम के संवेदनशील प्रयास

पुलिस महानिदेशक साहू ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री शर्मा के निर्देश पर सरकार द्वारा महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा के लिए कई संवेदनशील व महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराधों के लिए जहां कानून को सख्त किया गया वहीं इन मामलों की तेजी से सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट स्थापित किए गए। महिला सुरक्षा की दृष्टि से 24 घंटे चलने वाली महिला हेल्पलाइन स्थापित की गई। रात्रि में पुलिस गश्त एवं सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी लगाने के साथ महिला पुलिस स्टेशन भी स्थापित किए गए हैं।

### नीड हेल्प फीचर बना वरदान

महानिदेशक साइबर क्राइम, एससीआरबी एवं




तकनीकी सेवाएं हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि ने राजस्थान पुलिस के राजकॉप सिटीजन एप में जोड़ा गया नीड हेल्प फीचर महिलाओं के लिए वरदान साबित हुआ है। यह फीचर आपातकालीन एवं गैर आपातकालीन परिस्थितियों में पीड़ित महिलाओं को बिना समय गवाएं चंद मिनटों में सहायता उपलब्ध कराता है। हर साल 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। राजस्थान पुलिस ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि अपने घर की सभी महिलाओं एवं बालिकाओं के मोबाइल में राजकॉप सिटीजन एप डाउनलोड करवाएं ताकि उन्हें विषम परिस्थितियों में तत्काल पुलिस सहायता मिल सके। डीजी साइबर क्राइम प्रियदर्शी ने बताया कि राजकॉप सिटीजन एप पर अब तक 13,638 लोगों ने मदद मांगी है। जिनमें अधिकांशतः का निस्तारण किया जा चुका है।

### एप है तो सेफ है

साइबर क्राइम व एससीआरबी के महानिरीक्षक शरत कविराज ने बताया कि राजकॉप सिटीजन एप को जन–जन तक पहुंचाने के लिए टीम राजस्थान पुलिस द्वारा समर्पित प्रयास किए जा रहे हैं। अभियान रूप में पुलिस द्वारा कॉलेज व कोचिंग संस्थाओं में पहुंच कर इस एप के बारे में बालिकाओं को जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। हाल ही में राजकॉप सिटीजन एप को लोकप्रिय बनाने के लिए पुलिस द्वारा एप है तो सेफ है टेगलाइन को प्रमोट किया जा रहा है यह टेगलाइन राजस्थान पुलिस के सेंट्रल कंट्रोल रूम की प्रभारी एएसआई सुनीता शर्मा द्वारा तैयार की गई है।

### इन प्रकरणों में मददगार बना नीड हेल्प फीचर

(1) 4 फरवरी 2025 एक रिक्वेस्ट जोधपुर जिले से प्राप्त हुई जिसमें कोई पुरूष किसी बालिका को स्कूल जाते वक्त परेशान करता था जिसके कारण बालिका ने स्कूल जाना बन्द कर दिया था। घरवालों ने एप पर रिक्वेस्ट की और फोन पर अपनी व्यथा बताई जिस पर सेन्ट्रल कन्ट्रोल रूम प्रभारी एएसआई ने परिवाद दर्ज कर सम्बन्धित थाने को प्रेषित किया। इस पर थाने द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाहीं की गई। (2) 12 फरवरी 2025 त्रिवेणी नगर जयपुर, महिला से छेड़छाड़, रिक्वेस्ट करने के 3 मिनट में पुलिस लोकेशन पर पहुंची और पीड़िता को बचाया उन स्थितियों में कि आरोपी ने पीड़िता का फोन तोड़ दिया था। (3) 4 मार्च 2025 एक युव?ती को होटल में ले जाकर साथी मित्र ने गलत हरकत करने की कोशिश की। महिला ने बाथरूम में बन्द होकर पुलिस को रिक्वेस्ट भेजी। महिला को होटल का नाम नहीं पता था। रिक्वेस्ट के 15 मिनट में होटल सर्च कर सदर थाना पुलिस ने लोकेशन पर पहुंच कर पीड़िता को बचाया ।

### इस तरह डाउनलोड होगा राजकॉप सिटीजन एप

गूगल प्ले स्टोर/आईओएस एप स्टोर से राजकॉप सिटीजन एप डाउनलोड कर अपनी मोबाईल नम्बर या एसएसओ आईडी से लॉगिन करे। महिला द्वारा सहायता चाहने पर मदद चाहिए बटन पर क्लिक करना होगा। प्रदर्शित स्क्रीन पर तीर के निशान को स्लाईड करना होगा। महिला अपना मैसेज लिखकर या रिकॉर्ड कर सबमिट कर सकती है। एप में दिये गये सहायता अनुरोध बटन के माध्यम से स्वयं द्वारा किये गये अनुरोध को ट्रैक किया जा सकेगा एवं पुलिस वाहन को अपनी लोकेशन तक आते हुए देखा जा सकता है। वाहन के निर्धारित स्थान पर पहुंचने एवं पीड़िता को मदद उपलब्ध कराने के पश्चात् टीम द्वारा इवेंट को बंद कर दिया जावेगा। पुलिस द्वारा तुरंत उपलब्ध करायी गयी सहायता के सम्बन्ध में महिला द्वारा अपना फीडबैक दिया जा सकता है।

## मेनार में किसान रजिस्ट्रेशन शिविर बारह मार्च तक चलेगा, किसानों को यूनिक आईडी से मिलेंगे लाभ



● पदमावत मीडिया

**मेनार।** ग्राम पंचायत मेनार में गुरुवार से तीन दिवसीय फार्मर रजिस्ट्रेशन शिविर शुरू हुआ। जिसमें शुक्रवार को दूसरे दिन किसानों की भारी भीड़ देखी गई। ये शिविर शनिवार तक चलेगा। इसके बाद रविवार से बुधवार तक दूसरा चरण के तहत केंप लगेगा। शिविर में किसानों की जमाबंदी का आधार से रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। उपखंड अधिकारी रमेश शिरवी ने बताया कि प्रत्येक किसान को एक यूनिक आईडी दी जा रही हैं।ये रजिस्ट्रेशन किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस आईडी से किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि और अन्य योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। एक क्लिक पर किसान का पूरा डेटा उपलब्ध हो जाएगा। इससे किसानों को फसल बीमा की सुविधा और विभिन्न सरकारी योजनाओं का निरंतर लाभ मिल सकेगा। उन्होंने सभी किसानों से शिविर में आकर रजिस्ट्रेशन कराने की अपील की हैं। इस कैम्प में उपखंड प्रशासन,ई मित्र कार्मिकों, ग्राम पंचायत व नियुक्त कार्मिकों की टीम कड़ी मेहनत कर सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। मेनार शिविर में ग्राम विकास अधिकारी प्रभु लाल यादव, ई मित्र संचालक लोकेश मेनारिया,जसवंत लुणावत व मुकेश, विद्यालय सहायक राकेश मेनारिया,पटवारी सुनील,कृषि पर्यवेक्षक रामावतार बंजारा,कंप्यूटर अनुदेशक कुलदीप स्वर्णकार व पंकज जीनगर रजिस्ट्रेशन का कार्य कर रहे हैं। वहीं कनिष्ठ सहायक विक्रम सिंह भी सहयोग कर रहे हैं। उपखंड अधिकारी रमेश सिरवी पुनाडिया के निर्देश पर शिविर प्रभारी व प्रशासनिक अधिकारी रोशन लाल रेगर शिविर पर पैनी नजर बनाए हुए हैं और समय समय पर कर्मचारियों का मार्गदर्शन भी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि रजिस्ट्रेशन के लिए किसानों को अपनी भूमि की जमाबंदी, आधार कार्ड और आधार से लिंक मोबाइल लाना आवश्यक है। रजिस्ट्रेशन ओटीपी के माध्यम से किया जा रहा है। उन्होंने किसानों से अपील की हैं कि सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए शिविर में आकर अपनी फार्मर आई डी बनवाएं। सुचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, वल्लभनगर के प्रोग्रामर दिनेश कुमार जीनगर ने बताया कि उपखंड अधिकारी रमेश सिरवी के निर्देश पर मेनार में अभी शिविर का प्रथम चरण जो 6 मार्च से शुरू हुआ और 8 मार्च तक चलेगा। इसके बाद मेनार में केंप का दुसरा चरण नौ मार्च, रविवार से शुरू होगा जो बुधवार बारह मार्च तक चलेगा।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने दी शुभकामनाएं



● पदमावत मीडिया

**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) के अवसर पर प्रदेश की सभी माताओं, बहनों और बेटियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह दिन महिलाओं के अधिकारों, उनके सशक्तिकरण और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को सम्मान देने का अवसर है। महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक स्वावलंबन और सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार पूरी तरह संकल्पित है। राजस्थान के संकल्प को साकार करने के लिए महिलाओं की सहभागिता सबसे महत्वपूर्ण है। इसी को ध्यान में रखते हुए केंद्र और राज्य सरकार कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं। जिससे प्रदेश की लाखों महिलाओं को आर्थिक संबल मिला है और वे आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रही हैं। इन योजनाओं का महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं के लिए बजट 2025-26 में कई विशेष प्रावधान किए गए हैं। सरकार महिलाओं को हर क्षेत्र में समान अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि वे आत्मनिर्भर बनकर राज्य और देश की प्रगति में भागीदार बन सकें। उन्होंने कहा कि एक सशक्त महिला ही सशक्त परिवार, समाज और राष्ट्र का निर्माण कर सकती है।

**5 दशक बाद भु दाताओ ने विद्यालय के लिए भुमि का किया समर्पण**

## तहसीलदार डॉ. शर्मा की समझाइश पर हुआ कार्य



● पदमावत मीडिया

**सलूम्बर।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती ग्राम पंचायत मोरीला के राजस्व गांव राजपुरा में संचालित राजकिय प्राथमिक विद्यालय के लिए करीब 52 वर्षो बाद तहसीलदार डॉ. मयुर शर्मा की समझाइश पर भु दाताओ ने विद्यालय के लिए भुमि समर्पित की। समर्पण प्रक्रिया को प्रारम्भ करने में विद्यालय संस्था प्रधान चेतन कुमार साहु, शिक्षक अतुल भावसार, पालाराम मीणा, ने अग्रसर हो कर भु दाताओ से सम्पर्क किया। जिस पर उनकी मेंहनत रंग लाई। संस्था प्रधान साहु ने बताया कि राजकीय प्राथमिक विद्यालय राजपुरा जहां संचालित हो रहा है। उनके खातेदार सकु पत्नि देवा मीणा, भेरा पुत्र नारा मीणा, धुली पुत्री भगाना मीणा, रामु पत्नि दौलतराम मीणा, धनु पत्नि पृथ्वीराज मीणा, रहे। गांव वासीयो के मुताबीक करीब 52 वर्षो से विद्यालय संचालित है। फरवरी 24 में खातेदार सकुबाई व भैरा मीणा ने तहसील कार्यालय में उपस्थित हो कर अपने हिस्से की जमीन का समर्पण किया। लेकिन कुछ कारणों से अन्य खातेदारो से सामजस्य नही बन पाया था लेकिन शुक्रवार को सलूंबर तहसीलदार डॉ. मयुर शर्मा, नायब तहसीलदार झल्लारा भाग्यराम जोशी द्वारा खातेदारो के पास पहुंच समझाइश कर समर्पण का कार्य पुर्ण करवाया गया। तहसीलदार शर्मा ने अग्रीम कार्यवाही पुर्ण कर विद्यालय को जल्द भुमि आवंटन करने के लिए आश्वस्त किया। समर्पण प्रक्रिया में सरपंच शंकरलाल मीणा, उपसरपंच दल्लाराम मीणा, तत्कालिन पीईईओ नरेष कुमार सालवी, विद्यालय विकास समिति अध्यक्ष खेतामीणा आदि का सहयोग रहा।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहित ने दी देशवासियों को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं



● पदमावत मीडिया

**मुंबई ।** नेशनल ह्यूमन राइट्स एंटी क्राइम एंड एंटी करप्शन ब्यूरो के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहित गुप्ता ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर देशवासियों की सभी माताओं, बहनों और बेटियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहित गुप्ता ने कहा कि यह दिन महिलाओं के अधिकारों, उनके सशक्तिकरण और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को सम्मान देने का अवसर है।

## अक्षय लोकजन (मार्च 2025) पुष्टीमार्ग एवं श्री नाथ जी विशेषांक का लोकार्पण

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** अक्षय लोकजन (मार्च 2025) - पुष्टीमार्ग एवं श्रीनाथजी विशेषांक का लोकार्पण आई ए एस सुश्री प्रज्ञा रमानी, संभागीय आयुक्त उदयपुए द्वारा किया गया अपने उद्बोधन में आयुक्त महोदया रमानी ने कहा की मेवाड़ की धारा पर प्रभु श्रीनाथ जी का पधारना व नाथद्वारा में विराजना हम मेवाड़वासियो को धन्य कर रहा है अक्षय लोकजन के इस अंक से लोगों का पुष्टिमार्ग पर ज्ञान बढ़ने के साथ ही श्रीनाथ जी के प्रति भक्ति भाव को ओर प्रघाड़ करेगा प्रकाशक जय किशन चौबे व संपादक मनोहर लाल मूंदड़ा ने बताया की 52 पृष्ठ के इस अंक में 15 आलेख सुन्दर चित्रण के साथ प्रस्तुत किये है 7 संस्थान अध्यक्ष प्रोफेसर विमल शर्मा ने बताया की लोकार्पण के पश्चात श्री नाथ जी की हवेली उदयपुर में



उपस्थित करीब 75 दर्शनार्थियो को पत्रिका का निशुल्क वितरण किया गया समारोह में हरीश तलरेजा, गणेश लाल नागदा, इंद्रा सिंह राणावत, जगदीश पुरोहित, भूपेश तलरेजा, गोविन्द लाल ओढ़ सहित संस्थान सदस्य उपस्थित थे।

**7 वां जन औषधि दिवस**

● पदमावत मीडिया

## राज्यसभा सांसद ने बीकानेर में किया जन औषधि केंद्र का अवलोकन

**उदयपुर।** 7वें जन औषधि दिवस के अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जेपी नड्डा के निर्देशानुसार शुक्रवार को बीकानेर में राज्यसभा सांसद श्री चुन्नीलाल गरासिया ने प्रधानमंत्री जन ओषधी केंद्र का अवलोकन किया, सांसद ने कहा कि 7 मार्च को पूरे देश में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आमजन हेतु सस्ती दवा योजना को प्रोत्साहित किया जा रहा है, देश भर में प्रत्येक व्यक्ति को दवा कम से कम कीमत पर मिले इसके लिए देश भर में जन औषधि केंद्रों के बारें में प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी




द्वारा 15 हजार केमिस्ट शॉप (जन औषधि केंद्र) शुरू किये गए है तथा आने वाले वर्षो में इन केंद्रों की संख्या और भी बढ़ाई जाएगी। इस अवसर पर बीकानेर सीएमएचओ, स्थानीय जनप्रतिनिधि, औषधि निरीक्षक तथा आमजन उपस्थित रहे।

## राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल का ई-पीसीपी 10 मार्च को



● पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के सत्र 2024-25 में स्ट्रीम-द्ध के पंजीकृत शिक्षार्थियों के लिए सैद्धातिंक और प्रायोगिक विषयों के के लिए ई-व्यक्तिगत संवाद कार्यक्रम (ई-पीसीपी) की तिथि परिवर्तन कर 10 मार्च 2025 को कर दी गई है। पूर्व में यह तिथि 28 फरवरी थी। ई-पीसीपी का संचालन राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल स्टूडेंट ऐप या वेबसाईट http://rsospcp.rajasthan.gov.in/ के माध्यम से किया जा रहा है। अभ्यर्थी प्ले स्टोर से ऐप डाउनलोड कर या वेबसाइट पर अपनी एसएसओ आईडी के माध्यम से लॉग इन कर ई-पीसीपी में शामिल हो सकेंगे। अधिक जानकारी के लिए छात्र नजदीकी संदर्भ केंद्र व दूरभाष नं. 0141-2717074 पर संपर्क कर सकते हैं। विभाग की अधिकारिक वेबसाईट पर भी जानकारी उपलब्ध है।

**यू डी टैक्स वसूली को लेकर निगम सख्त, शॉपिंग सेंटर, व्यवसायिक परिसर सहित पांच स्थानों पर हुई कार्यवाही**

# आयुक्त के निर्देश पर आगे भी जारी रहेगी कार्यवाही, छूट बंद होने से पहले जमा करवाए यू डी टैक्स

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** नगर निगम द्वारा यूडी टैक्स वसूली को लेकर लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार को एक बार फिर से राजस्व शाखा द्वारा शॉपिंग मॉल व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स सहित 5 प्रतिष्ठानों को सीज किया गया। नगर निगम राजस्व अधिकारी नितेश भटनागर ने बताया कि आयुक्त राम प्रकाश के निर्देश पर नगरीय विकास कर वसूलने को लेकर शुक्रवार को भी बड़ी कार्यवाही करते हुए 5 संपतियों को सीज किया गया। शुक्रवार को पंचशील मार्ग बापू बाजार स्थित हरीश मूलचंद कंडारी की व्यवसायिक परिसर संपत्ति जिसका नगरीय विकास कर कुल 12,32,752/- बकाया था जिसे सीज किया गया। यूनिवर्सिटी रोड आयड स्थित पंकज जैन की व्यवसायिक संपत्ति जिसमें खालसा रेस्टोरेंट, जिम वर्ल्ड आदि संचालित किए जा रहे थे जिसको सीज किया गया। इस परिसर का कुल 21,06,155/- रुपए नगरीय विकास कर बकाया था। इसी के साथ नेहरू बाजार मैंन रोड




स्थित सबीर हूसेन, गुलाम अबास की व्यवसायिक संपत्ति जिसमें मवाली वाला फर्निचर शोरूम संचालित किया जा रहा था उसे सीज किया गया। इस परिसर का कुल 10,78,539/- रुपए यू डी टैक्स बकाया हैं। नेहरू बाजार मैन रोड पर ही अलका देवी अनिल कुमार की संपत्ति जिसमें कृष्णा कॉलेक्शन, ऑपशन मेन्स वियर के नाम से व्यवसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही थीं और इस परिसर का कुल 12,05,777/- नगरीय विकास कर बकाया चल रहा हैं उसे सीज किया गया। सब सिटी सेंटर सब्जी मंडी के सामने सविना स्थित सागर प्रोपर्टी कॉम्प्लेक्स जिसका नगरीय विकास कर कुल 6,83,079/- बकाया था उसको भी सीज किया गया। इनके द्वारा नगरीय विकास कर की राशि जमा नहीं कराने से नगर निगम द्वारा इन सभी की व्यावसायिक सम्पतियों पर ताला लगा इनकी व्यावसायिक गतिविधियाँ बन्द करा दी गई। निगम ने नोटिस में अंकित किया की नगरीय विकास एंव स्वायत शासन विभाग की अधिसूचना क्रमांक 5513 दिनांक 29.00.2007 एंव अधिसूचना क्रमांक 8884 व 9356 दिनांक 24.08.2016 के तहत के वर्ष 2007 से 2023 तक उक्त संपत्ति का नगरीय विकास कर की पूरी रकम बकाया है। संबंधित फर्मों द्वारा टैक्स बकाया रहने के लिए कोई संतोषप्रद का कारण भी नही बताया गया है। फर्म से कुल बकाया का नोटिस भी तामिल करवाया जा चुका था। सभी कार्यवाही पूरी करने के उपरांत निगम ने कार्यवाही करते हुए राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा की उपबंधो के अधिन यू डी टैक्स की वसूली की पूर्ती हेतु तीनों संपतियो को सीज करने की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान राजस्व अधिकारी के साथ सहायक प्रशासनिक अधिकारी विनोद अग्रवाल और भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

### हर हाल में होगी वसूली, छूट बंद होने से पहले जमा करवाए यू डी टैक्स

नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि नगरीय विकास कर सरकार द्वारा हर हाल में वसूल किया जाएगा। 1 वर्ष पश्चात राज्य सरकार द्वारा इसमें छूट प्रदान की गई है जिसका शहरवासी लाभ लेवे। जिसे भी अपनी संपत्ति को सीज होने से बचाना है वह जल्द से जल्द नगर निगम में अपना बकाया यूडी टैक्स जमा करावे। अच्छा है सरकार द्वारा जो छूट दी जा रही है उसका लाभ लेते हुए अपना बकाया यूडी टैक्स जमा करावे।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादकः पवन माँगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित। मो. नं.: + 91-95945-42679
e-mail:- padmavatmedia@gmail.com /Web:- padmavatmedia.in (नोटः पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी) । सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।